मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद

(मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित गठित पंजीकृत संस्था)
नर्मदा भवन (सी ब्लॉक–द्वितीय तल) 59–अरेरा हिल्स, भोपाल–462011

क्र. 8712 / **MGNREGS-MP** / **NR-10** / 2011 — भोपाल, दिनांक 29/08/11

प्रति,

1. कलेक्टर / जिला कार्यक्रम समन्वयक
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक,
   महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना
   जिला पंचायत ....(समस्त), मध्यप्रदेश

विषय :– MGNREGS-MP's Audit & Financial Management Online Software के संबंध में।

संदर्भ :– परिषद कार्यालय का पत्र क्र. 8463 / MGNREGS-MP भोपाल दिनांक 19 / 08 / 2011

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन होवे, लेख है कि परिषद स्तर से MGNREGS-MP के लिये Audit & Financial Management से संबंधित आनलाईन मॉनिटरिंग साफ्टवेयर तैयार कर परिषद की वेब साईट (www.nregs-mp.org) पर अपलोड किया जा चुका है एवं वेब साईट के होम पेज पर लिंक भी प्रदान कर दिया गया है।

इसी परिपेक्ष्य में साफ्टवेयर के उपयोग हेतु यूजर मैन्यूल तैयार कर आपकी ओर प्रेषित किया जा चुका है। अतः आशय है कि उक्त साफ्टवेयर का आपकी ओर से पूर्ण अध्ययन कर लिया गया होगा। उक्त साफ्टवेयर के संचालन में वीडियो कान्फ्रेन्स का आयोजन दिनांक 30.8.2011 समय 2:00 PM To 3:30 PM को किया जा रहा है। इस हेतु कृपया जिले अपना फीडबैक से परिषद को अवगत करावें, ताकि दिनांक 01.09.2011 से उक्त साफ्टवेयर में समस्त जिले डाटा फीडिंग प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। इस V.C. में आपके जिले के सीनियर डाटा मैनेजर एवं लेखा अधिकारी अनिवर्यतः उपस्थित होंगे।

इस संबंध में अनुरोध है कि आपके जिले से संबंधित अधिकारियों / कर्मचारियों को सूचित करें एवं साफ्टवेयर पर कार्य करने हेतु निर्देशित करें।

संयुक्त आयुक्त (वित्त एवं लेखा)
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद,
भोपाल

क्र. 8713/MGNREGS-MP/NR-10/2011 भोपाल, दिनांक 29/08/11

प्रतिलिपि :-

1. अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वल्लव भवन, मंत्रालय, भोपाल, म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वल्लव भवन, मंत्रालय, भोपाल, म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
3. सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विन्ध्याचल भवन, भोपाल, म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
4. मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विन्ध्याचल भवन, भोपाल, म.प्र. की ओर सूचनार्थ।

संयुक्त आयुक्त (वित्त एवं लेखा)
म.प्र. राज्य रोजगार गांरटी परिषद्,
भोपाल